ई वेस्ट वैज्ञानिक रूप से नष्ट करने हेतु सेंट मोटफोर्ट विद्यालय की पहल

ई वेस्ट के निष्पादन हेतु जागरूकता लाये

पर्यावरण को प्रदुषण से बचाकर अपना भविष्य बचाएँ।

आज दिनांक 18 नवंबर 2017 को सेंट मोटफोर्ट विद्यालय पटेल नगर में ''सकारात्मक सोच'' एम. जी. ओ के सहयोग से ई –वेस्ट को वैज्ञानिक ढंग से नष्ट करने हेतु कदम उठाया गया। विद्यालय के बच्चों को अपने – अपने घर से ई–वेस्ट लाने को कहा गया जिसे ईको क्लब के सदस्यो द्वारा व्यवस्थित रूप से एकत्रित किया गया। आज प्रार्थना सभा में उस ई–वेस्ट को ई – डस्टबिन में डाला गया । यह कार्य विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी एलेक्स जी, स्काउट प्रभारी आशा सिंह जी, श्रीमति सोनिया सुजेश ,सुश्री पूजा मित्तल एवं छात्र प्रतिनिधियों के सहयोग से किया गया । सकारात्मक सोच एन. जी. ओ. के प्रतिनिधि के रूप में श्रीमति अनिता शर्मा एवं श्रीमति मीनू गुप्ता ने इस कार्यक्रम में भागीदारिता की। उन्होने अपने वक्तव्य में ई–वेस्ट को वैज्ञानिक रूप से नष्ट करने हेतु छात्रों को जागरूक व प्रेरित किया।

उन्होने विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी. एलेक्स जी को विद्यालय के छात्रों को इस अभियान से जोड़ने के लिए धन्यवाद कहा। प्राचार्य ब्रदर एलेक्स जी ने छात्रों को कहा कि आज तो मात्र इस अभियान की शुरूआत है। विद्यालय इस अभियान से स्वयं को और छात्रों को लगातार जोड़े रहेगा क्योंकि ऐसा करके ही हम पृथ्वी को सुखद भविष्य दे पाएगें।

****